GRADE-VIII

SUBJECT-HINDI

TIME:-3 HOURS

ASSESSMENT-II

MM:80

(खण्ड-अ)

नोटः- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

प्रश्न-1 दिए गए विषयों पर 200 शब्दों में लेख लिखिए-

क. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। [5]

1. व्यायाम के लाभ

2. प्लास्टिक- पर्यावरण के लिए हानिकारक

ख. तकनीकी शिक्षा को महत्व देने वाली एक कहानी लिखिए, जिसका आरंभ निम्न पंक्तियों पर हो-" कम्प्यूटर शिक्षा के लिए आवश्यक है।" [5]

ग. दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर अपने शब्दों में उसका वर्णन कीजिए। [5]



प्रश्न-2 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में पत्र लिखिए- [7]

1. प्रतिदिन लगने वाले जाम से मुक्ति के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात) को पत्र लिखिए।
2. अपने पुत्र को कुसंगति से दूर रहने को कहने के लिए एक पत्र लिखिए।

प्रश्न-3 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [5]

19वीं शताब्दी में यह राष्ट्रीय जागरण संपूर्ण भारत में किसी-न-किसी रूप में अभिव्यक्त हो रहा था, जिसमें भारतीयता के साथ आधुनिकता का संगम था। स्वामी विवेकानंद ने तो अमेरिका, इंग्लैंड आदि देशों से भारत

Downloaded From www.icseboard.org

लौटकर पूर्व और पश्चिम के श्रेष्ठ तत्वों के सम्मेलन से भारत को आधुनिक बनाने का स्वप्न देखा था। उन्होंने माना कि भारत और पश्चिम की मूल गति एवं उद्देश्य भिन्न हैं, परंतु भारत को जागना होगा, कुसंस्कारों एवं जाति-विद्वेष को त्यागना होगा, शिक्षित होकर देश की अशिक्षित, गरीब जनता को ही 'दरिद्र नारायण' मानकर उनकी सेवा करनी होगी, उनका उत्थान करना होगा। विवेकानंद का मत था कि भारत में जो जितना दरिद्र है, वह उतना ही साधु है। यहाँ गरीबी अपराध एवं पाप नहीं है तथा दरिद्रों की अपेक्षा धनियों को अधिक प्रकाश की जरूरत है। वे चाहते थे कि हम नीच, अज्ञानी, दरिद्र- सभी को भाई मानें और गर्व से कहें- हम सब भाई भारतवासी हैं। मनुष्य को मानव बनना, आदमी को इंसान बनाना आवश्यक है। हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जो हमें संस्कारी मानव, हमदर्द इंसान बना सके। विचारों में विवेकानंद गांधी जी से अधिक दूर नहीं थे और ऐसे ही विचारकों का चिंतन 19वीं सदी में भारत को उद्वेलित कर रहा था।

क. किस सदी में संपूर्ण भारत में राष्ट्रीय जागरण अभिव्यक्त हो रहा था?

ख. विवेकानंद ने क्या सपना देखा था ?

ग. विवेकानंद के अनुसार भारतीयों को कैसी शिक्षा की जरूरत है?

घ. हमें गर्व से क्या कहना चाहिए?

ङ. विवेकानंद के अनुसार किसे अधिक प्रकाश की जरूरत है?

प्रश्न-4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए। **[8]**

क. 'अंधकार' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है?

1. अमृत 2. अंधेरा 3. आकाश 4.अनल

ख. तुरंग का अर्थ क्या होता है?

1. लहर 2. रंगीन 3. घोड़ा 4. सुरंग

ग. निम्नलिखित वाक्यों में से भाववाच्य का उदाहरण कौन-सा है?

1. रवि द्वारा कहानी लिखी गई। 2. राधा ने गिटार बजाया।

3. प्रिया ने गीत गया। 4. मीनाक्षी से बोला नहीं जाता।

घ. 'विराम चिह्न' का उदाहरण कौन-सा है?

1. तुम्हारा नाम क्या है? 2. मेरा खत आपको मिला था।

3. ओह! तुम्हारा आवेदन 4. उपयुक्त तीनों

ङ. शब्दालंकार कितने प्रकार के होते हैं ?

1. दो 2. तीन 3. चार 4. पाँच

च. निम्न में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?

1. ईमली 2. अध्यन 3. आकाश 4. विश

छ. निम्नलिखित में प्रश्नवाचक वाक्य कौन-सा है?

1. कल तुमने क्या खरीदा था? 2. मेरा खत आपको मिला था।

3. हमें काम करना चाहिए; फल की इच्छा नहीं। 4. अध्यापक ने कहा," चलो पढ़ते हैं।"

Downloaded From www.icseboard.org

अल्पविराम चिह्न कौन-सा है?

1.(,)   2. (?)   3.(;)   4.(:)

प्रश्न-5 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [5]

क. किन्ही तीन विराम चिह्नों की परिभाषा लिखकर उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

ख. दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए- घाव पर नमक छिड़कना, घोड़े बेचकर सोना, नमक मिर्च लगाना।

ग. अलंकार किसे कहते हैं? अलंकार के कितने भेद होते हैं? वर्णन कीजिए।

(खण्ड-ब)

प्रश्न-6 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [5]

उनकी दांडी यात्रा तो कई दृष्टि से ऐतिहासिक बन गई। जिस दिन साबरमती आश्रम से वे 80 साथियों के साथ निकल पड़े, सारे देश में जागृति की एक लहर फैल गई और जैसे-जैसे उनकी पदयात्रा दांडी की ओर बढ़ती गई, भारत का बच्चा-बच्चा नमक सत्याग्रह की आग में कूदने को तैयार हो गया। मोटर, रेल या हवाई जहाज की यात्रा से इस प्रकार का वातावरण कदापि नहीं बन सकता था। बापू अपने पैर धरती पर मजबूती से रखना चाहते थे, हवा में उड़ना उन्हें पसंद नहीं था।

क. बापू कौन थे?

ख. कितने साथियों के साथ बापू आश्रम से निकले?

ग. किसकी यात्रा से ऐसा वातावरण नहीं बन सकता था?

घ. किसे हवा में उड़ना पसंद नहीं था?

ङ. भारत का बच्चा-बच्चा कौन-से सत्याग्रह में कूदने को तैयार हो गया?

प्रश्न-7 अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [5]

समय का सबसे कहना है, जीवन चलते रहना है, इसको मत बर्बाद करो, सदा काम की बात करो। फूल सदा मुस्कुराते हैं, हमको यह समझते हैं, जीवन हँसते रहना है, दुख-सुख भी सहना है। कर्म ही जिसकी प्रीत है, सत्य से जिसको प्रीत है, अंत में उसकी जीत है, समय भी उसका मीत है।

क. समय का सबसे क्या कहना है?

ख. दुख भी सहना है- यह कौन सिखलाता है?

ग. समय किसका मित्र है?

घ. किसे बर्बाद नहीं करना चाहिए?

ङ. वक्त का पर्यायवाची शब्द पद्यांश में से ढूँढकर लिखिए ?

प्रश्न-8 सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए- [5]

क. श्री का अर्थ----------------- होता है।

Downloaded From www.icseboard.org

ख. भगवान बुद्ध ने---------------का संदेश दिया।

ग. 1849 में कंपनी का--------------- पर भी अधिकार हो गया।

घ. 'जय हो' कविता के लेखक-------------- है।

ड. उस पर--------------- तो बकाया नहीं था ।

प्रश्न-9 सही व गलत का निशान लगाइए- [5]

क. अक्षरों की खोज ने मानव को पुरातन युग में पहुँचा दिया।

ख. बादशाह बहादुर शाह जफर को बंदी बना लिया गया।

ग. अंत में भोलाराम का जीव स्वर्ग चला गया ।

घ. कवि ने कड़वी बात करने से मना किया है।

ङ. मुक्केबाजी प्रतियोगिता दो प्रकार की होती थी।

प्रश्न-10 लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (कोई-5) [10]

क. परंपरा, आदेश, श्रुति शब्दों का प्रयोग करके एक-एक वाक्य बनाइए?

ख. प्राचीन काल में तीर्थ यात्रा पैदल ही क्यों की जाती थीं?

ग. लेखक ने समाज के किन वर्गों पर कटाक्ष किया और क्यों?

घ. अक्षरों की खोज को सबसे बड़ी खोज कहना कहाँ तक उपयुक्त है?

ङ. घाटी के जीवन और शहर के जीवन में क्या अंतर है?

च. यूनानी लोगों का खेलोत्सवों के विषय में क्या विश्वास था?

प्रश्न-11 दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क.निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए- [4]

1. भोलाराम ने दरख़्वास्तें तो बहुत भेजी थीं, पर उन पर वजन नहीं रखा था इसलिए कहीं उड़ गई होगी।

2. हर ठोकर में भीतर कुछ छलक- छलक पड़ता।

ख. भाग्य और श्रम का पारस्परिक संबंध स्पष्ट कीजिए। [3]

ग. स्नेहयुक्त शब्दों की शक्ति कठोर वचनों से अधिक प्रभावी होती है। कविता के आधार पर उत्तर दीजिए। [3]

Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

Downloaded From www.icseboard.org